भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 614**

(दिनांक 06.12.2023 को उत्तर के लिए)

**जिला रथ प्रभारी**

614. **श्रीमती प्रतिमा मण्डल :**
**श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत :**
**प्रो. सौगत राय :**
क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पिछले नौ वर्षों के दौरान सरकार की उपलब्धियों का प्रचार और प्रसार हेतु सभी विभागों के अधिकारियों को रथ प्रभारियों के रूप में कार्य करने हेतु नामित करने के लिए कहा है और इस संबंध में सभी विभागों को एक परिपत्र जारी किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश के विभिन्न जिलों के लिए संयुक्त सचिवों/निदेशकों/उप सचिवों के रैंक के अधिकारियों को जिला रथ प्रभारियों के रूप में नियुक्त किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी मंत्रालय-वार और विभाग-वार ब्यौरा क्या है और उक्त नियुक्तियों के क्या उद्देश्य हैं;

(ग) क्या सरकार ने आदेश जारी करने से पहले ऐसे अधिकारियों की राय मांगी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सच है कि भारतीय प्रशासनिक अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के भाग के रूप में पंचायत स्तर तक की उपलब्धियों का प्रदर्शन करेंगे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या यह सच है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की ऐसी तैनाती पूर्व में कभी नहीं हुई थी; और

(च) क्या प्रमुख राजनीतिक दलों ने इस संबंध में आपत्तियां उठाई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)**

**(क) से (च)**: राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों की भागीदारी के साथ, भारत सरकार स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, एलपीजी कनेक्शनों तक पहुंच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य देखरेख, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने एवं सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए अपेक्षित सेवाएं सुलभ कराने के लिए अपनी प्रमुख योजनाओं के माध्यम से पूर्ण संतृप्ति के अभियान में सक्रिय रूप से लगी हुई है। नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करना इस दिशा में एक और कदम होगा ताकि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी सुविधा का लाभ मिल सके। इस उद्देश्य के साथ, जागरूकता बढ़ाने और लाभार्थियों का पंजीकरण करने के माध्यम से पूर्ण संतृप्ति हेतु "विकसित भारत संकल्प यात्रा" नामक एक राष्ट्रव्यापी अभियान की योजना बनाई गई है। पूर्व में, अन्य बातों के साथ-साथ सुविधा और समन्वय के लिए जल शक्ति अभियान और आकांक्षी जिला कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार, भारत सरकार ने राज्य और जिला प्रशासनों के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभावी समन्वयन के लिए राज्यों/जिलों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है।